<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1409

07 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात की मांग और उत्पादन

1409. श्री बसावाराज पाटिलः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में इस्पात की कितनी मांग है और देश में इस्पात का कितना उत्पादन किया जा रहा है, कहां-कहां पर कितना-कितना उत्पादन किया जा रहा है; और

(ख) आगामी पांच वर्षों में इसमें आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की योजना का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): वर्ष 2016-17 के दौरान कुल फिनिश्ड इस्पात (गैर-अलॉय+अलॉय/स्टेनलेस) के उत्पादन तथा खपत संबंधी आंकड़े और खपत के संबंध में विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में बदलाव प्रतिशत नीचे दर्शाया गया है:

वर्ष	कुल फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन और खपत (एमटी)		
	उत्पादन	खपत	% बदलाव
2015-16	90.98	81.52	-
2016-17	101.81	84.04	3.1
स्रोत: जेपीसी, मिलियन टन= (एमटी)			

इस्पात का संयंत्रवार उत्पादन और क्षमता संबंधी आंकड़े **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(ख): भाग (क) में दिए गए आंकड़े इंगित करते हैं कि विगत दो वर्षों के दौरान खपत से अधिक उत्पादन हुआ है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने देशीय इस्पात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विविध उपचारी उपाय किए हैं जिनमें अन्य के साथ-साथ व्यापारिक उपाय, जैसे कि एंटी डंपिंग शुल्क लगाना, सेफगार्ड शुल्क लगाना और न्यूनतम आयात कीमतों को अस्थायी रूप से लागू करना शामिल है; गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया है, जो सभी इस्पात उत्पादों और आयातों के संबंध में बीआईएस मानकों के उपयोग को अनिवार्य बनाता है; सरकारी खरीद में देशीय निर्मित लोहा और इस्पात उत्पादों के उपयोग की नीति अधिसूचित की है, जो देशीय मूल्यवर्द्धन को सुविधाजनक बनाती है; तथा देशीय इस्पात क्षेत्र में दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित किया गया है।

******

अनुलग्नक –I

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1409 की मद संख्या (क) का उत्तर दिनांक 07.03.2018 के लिए)

इस्पात का संयंत्रवार उत्पादन और क्षमता

उत्पादक	2016-17	
क. सार्वजनिक क्षेत्र	कार्यशील क्षमता (क्रूड इस्पात)	उत्पादन (फिनिश्ड इस्पात)
भिलाई इस्पात संयंत्र	3925	3134
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	1802	534
राउरकेला इस्पात संयंत्र	4400	2461
बोकारो इस्पात संयंत्र	4360	3204
इस्को इस्पात संयंत्र	2500	856
अलॉय इस्पात संयंत्र	234	11
सेलम इस्पात संयंत्र	180	412
विश्वेश्वरैया लोहा एवं इस्पात संयंत्र	118	29
सेल कन्वर्जन एजेंट	-	1006
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	6300	3219
उप योग : (सार्वजनिक क्षेत्र)	**23819**	**14866**
ख. निजी क्षेत्र		
टाटा स्टील लिमिटेड	12500	11115
एस्सार स्टील लिमिटेड	10000	7916
जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड	16600	21161
जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड	4850	2640
अन्य	60508	58213
स्वयं की खपत घटाएं	-	14105
उप योग : (निजी क्षेत्र)	**104458**	**86940**
सकल योग (क+ख)	**128277**	**101806**
स्रोत: जेपीसी		

*****